बिज़नेस भास्कर

Business Standard और TheEconomist की खबरों के साथ

रायपुर, रविवार 6 सितंबर, 2026 | 11

कॉफी के पौधों को छाया देने वाला पौधा ही किसानों की कमाई का जरिया बन गया

शिल्पा शेट्टी ने बताया इस्तेमाल, 'डॉग फ्रूट' से स्टार बना एवोकैडो

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

जिस एवोकैडो को पहले कुत्तों के खाने के लिए छोड़ दिया जाता था, आज वही फल भारतीय बाजार में लग्जरी फ्रूड बन गया है। देश में हर साल करीब 15,000 टन एवोकैडो आयात होता है। घरेलू उत्पादन सिर्फ 8-9 हजार टन है। बीबीसी वर्ल्ड की रिपोर्ट के मुताबिक, 15 साल पहले भारत में इसका कोई बाजार नहीं था। वायनाड के कॉटनाड प्लांटेशन्स में इसे कॉफी के पौधों को छाया देने के लिए लगाया जाता था।

2011 में जब बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी ने स्कीन की देखभाल में इसके इस्तेमाल की बात कही तब इसके दाम रातोंरात दोगुने (200-300 रुपए/किलो) हो गए। मुंबई में 'वेरोनिका' और 'द बॉम्बे कैंटीन' रेस्टोरेंट चलाने वाले हंगर इंक के शेफ हुसैन शहजाद का कहना है कि भारतीय एवोकैडो की क्वालिटी लगातार सुधर रही है। हालांकि स्वाद, बनावट, आकार के लिए वे फिलहाल आयातित फल पर निर्भर हैं। स्थानीय एवोकैडो की उपलब्धता और गुणवत्ता मौसम और क्षेत्र के हिसाब से बदलती रहती है। वैसे एवोकैडो अब किसानों के लिए व्यावसायिक विकल्प बन गया है। बदलते मौसम से कॉफी और काली मिर्च की खेती प्रभावित होने के बीच वायनाड के किसान एवोकैडो की ओर बढ़ रहे हैं। कॉटनाड ने 40 एकड़ में इसके पेड़ लगाए हैं। पिछले साल यहां 10-15 टन उत्पादन हुआ और अगले 3-4 साल में इसे बढ़ाकर 40-50 टन करने का लक्ष्य है। खेती का तरीका भी मांग के साथ बदल रहा है। कॉटनाड ने दक्षिण अफ्रीकी विशेषज्ञों की मद से खेती की विधि बदली। एवोकैडो की जड़ें बीमारियों के प्रति बेहद संवेदनशील होती हैं, इसलिए अब उठी हुई क्यारियों में अधिक दूरी पर पौधे लगाए जा रहे हैं।

भोपाल के इंडो-इजराइल एवोकैडो नर्सरी के संस्थापक हर्षित गोधा ने इजराइल से इसकी तकनीक सीखी है। पिछले 5 वर्षों में उन्होंने हैस और पिंकर्टन जैसी किस्मों के 18,000 पौधे बांटे हैं। एवोकैडो की खेती में सही पौधे और तकनीक बेहद अहम हैं। स्थानीय मौसम झेलने वाली जड़ और मनपसंद फल देने वाले ऊपरी हिस्से की ग्राफ्टिंग की जाती है। पेड़ 25 फीट तक ऊंचा हो सकता है, इसलिए समय पर कटाई-छंटाई जरूरी है। अच्छी फसल के लिए दो अलग-अलग किस्मों के पेड़ पास-पास लगाने होते हैं। अनियमित नर्सरियों से बीमार पौधे खरीदने पर 5-7 साल बाद पेड़ सूखने का खतरा रहता है। इसके बावजूद वायनाड के किसान शिजू सेबेस्टियन ने 2 एकड़ में इस साल 3,500 किलो उत्पादन किया है। अब वे 3 एकड़ में और पौधे लगाएंगे।




भारत में 25 साल की मेहनत से 2 मानक किस्में विकसित

भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान (आईआईएचआर) के डॉ. गणेशान करुणाकरन के मुताबिक, हर पेड़ का आनुवंशिक रूप से अलग होना फल की गुणवत्ता को प्रभावित करता है। इस समस्या को दूर करने के लिए संस्थान ने 25 साल की रिसर्च के बाद 2 मानक किस्में विकसित की हैं, ताकि किसानों को एक जैसी और बेहतर गुणवत्ता वाले पौधे मिल सकें।

फोटोशॉप देने वाली अडोबी की कमान फिर भारतीय के हाथ

मुंबई| फोटोशॉप के लिए मशहूर अमेरिकी सॉफ्टवेयर कंपनी अडोबी ने भारतीय मूल के अनिल चक्रवर्ती को अगला सीईओ नियुक्त किया है। चक्रवर्ती इसी साल 1 दिसंबर को शांतनु नारायण की जगह लेंगे और कंपनी के बोर्ड में भी शामिल होंगे। करीब दो दशक से अडोबी का नेतृत्व कर रहे नारायण कार्यकारी चेयरमैन बनेंगे। इस नियुक्ति के साथ अडोबी की कमान लगातार दूसरी बार भारतीय मूल के अधिकारी के पास रहेगी। चक्रवर्ती ने आईआईटी-बीएचयू से कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग में बीटेक किया। इसके बाद उन्होंने अमेरिका के मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) से पीजी और पीएचडी की डिग्री ली। चक्रवर्ती ने पद से ज्यादा सीखने, सही नेतृत्व के साथ काम करने और लंबी अवधि के मौको को अहमियत दी। वे इनफॉरमेटिका के सीईओ जैसा शीर्ष पद छोड़कर जनवरी 2020 में अडोबी से जुड़े थे। 2021 में एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि अडोबी आने की बड़ी वजह नारायण और उनके नेतृत्व वाली टीम के साथ काम करने का मौका था। छह साल बाद वही अधिकारी नारायण के उत्तराधिकारी चुने गए हैं।



इनोवेशन ▪ पैसेंजर सीट हटाई, ड्राइवर को बीच में बिठाया; सिर्फ 23 लाख वाली कार अब 4 करोड़ रुपए की, केवल 35 ही बनेंगी







लंदन | मैकलारेन F1 को भूल जाइए। ब्रिटेन की छोटी सी कंपनी एनालॉग ऑटोमोटिव ने लोटस एलीज की पैसेंजर सीट उड़ा दी और ड्राइवर को बीचोंबीच बिठा दिया। नाम है 'बीएचपीके' और कीमत करीब ₹4 करोड़। यही नहीं, दुनिया में इस मॉडल की सिर्फ 35 कारें बनेंगी। दिलचस्प है कि जिस ओरिजिनल एलीज से यह बनी है, वो महज ₹23 लाख में मिल जाती है। कंपनी ने इसकी प्रेरणा सिंगल-सीट रेसिंग कार एलीज से ली है।

एनएसई: देश के सबसे बड़े आईपीओ को सेबी की मंजूरी; 15 से खुलेगा, 25 सितंबर तक लिस्टिंग

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

सेबी ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के आईपीओ को मंजूरी दे दी है। यह देश का सबसे बड़ा आईपीओ होगा। एनएसई 15 सितंबर से सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा और 25 सितंबर तक बीएसई पर लिस्ट होने की उम्मीद है। यह प्रक्रिया करीब एक दशक बाद दोबारा शुरू हुई है, कोलोकेशन और डार्क फाइबर मामलों में सुप्रीम कोर्ट में 1,491 करोड़ रुपए के सेटलमेंट के बाद।

जानिए मेगा इश्यू की अहम बातें: •आईपीओ का आकार करीब ₹30,000 करोड़ है। 2024 के ह्युंडई का इश्यू (₹28,000 करोड़) का था।

•आईपीओ के तहत कोई नया शेयर जारी नहीं होगा, सारा पैसा मौजूदा शेयरधारकों को ही मिलेगा।



•अनलिस्टेड मार्केट में एनएसई के शेयर अभी 1,975 रुपए पर हैं, मार्केट कैप ₹4.88 लाख करोड़।

•एलआईसी एनएसई में 10.7% हिस्सेदारी नहीं बेचेगी।

•एसबीआई, बैंक ऑफ बड़ौदा जैसे शुरुआती निवेशक शेयर बेचेंगे, इन्हें भारी मुनाफा होने का अनुमान।

•अप्रैल-जून तिमाही में एनएसई का मुनाफा ₹3,120 करोड़ रहा, जो पिछले साल से ज्यादा है।

भारत में कार्ड से पेमेंट अब तेजी से बढ़ेंगे: ग्लोबलडेटा

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

भारत में कार्ड पेमेंट में स्थिर बढ़ोतरी जारी रहेगी। ज्यादा वित्तीय समावेशन, बढ़ती आमदनी और आसान पहुंच इसकी वजह होगी। एनालिटिक्स फर्म ग्लोबलडेटा के मुताबिक, अभी डेबिट कार्ड सबसे आगे हैं, लेकिन रिवॉर्ड पॉइंट्स, डिस्काउंट और किस्तों जैसी सुविधाओं के चलते लोग धीरे-धीरे क्रेडिट कार्ड की तरफ बढ़ रहे हैं। यूपीआई से जुड़ने के बाद क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल और बढ़ने की संभावना है। आरबीआई के मुताबिक, जुलाई तक डेबिट 103 करोड़ और क्रेडिट कार्ड की संख्या 12.29 करोड़ रही।

बैंकिंग सिस्टम में रिकॉर्ड कैश, अब आरबीआई बाजार से खींचेगा पैसा

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

रिजर्व बैंक बैंकिंग सिस्टम में बढ़ती नकदी पर काबू पाने के लिए लंबे समय तक पैसा बाजार से खींचेगा। सोमवार को केंद्रीय बैंक ₹7 लाख करोड़ की 30 दिन की वैरिएबल-रेट रिवर्स रेपो नीलामी करेगा। हाल के ऑपरेशन 15 दिन तक ही चले थे। ब्लूमबर्ग इकोनॉमिक्स इंडेक्स के मुताबिक, भारतीय बैंकिंग सिस्टम में रिकॉर्ड ₹10.5 लाख करोड़ की अतिरिक्त नकदी है। प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) से मिले डॉलर को रुपए में बदलने से ऐसा हुआ। इस अतिरिक्त नकदी ने बैंकों के बीच के ओवरनाइट ब्याज दर को आरबीआई की पॉलिसी रेट से नीचे धकेल दिया है। अब महंगाई का खतरा बढ़ गया है।

आरबीआई की डॉलर जुटाने की स्कीम रही सुपरहिट: प्रवासियों से विदेशी मुद्रा जमा जुटाने की आरबीआई की स्कीम को रिकॉर्ड 12,700 करोड़ डॉलर मिले। इससे यह तय समय से एक महीना पहले अगस्त में ही बंद करनी पड़ी। बैंकों और सरकारी कंपनियों की सस्ती विदेशी उधारी से मिलाकर कुल 13,640 करोड़ डॉलर (₹12.9 लाख करोड़) आए।

टेक्नोलॉजी

इंसान जितने काबिल एआई की धमक

AI खुद चलाएगा कंप्यूटर, जीपीटी-6 एस्ट्रा लॉन्च हुआ

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

चैटजीपीटी डेवलप करने वाली कंपनी ओपनएआई ने नया एआई मॉडल जीपीटी-6 एस्ट्रा लॉन्च किया है। कंपनी ने इसे दुनिया का सबसे इंटेलिजेंट मॉडल बताया है। यह मॉडल इंसान की तरह खुद कंप्यूटर चला सकता है, मसलन स्प्रेडशीट भरना या वेबसाइट बनाना। पिछले फ्लैगशिप मॉडल जीपीटी-5 के करीब एक साल बाद आए इस मॉडल को ओपनएआई के प्रेसिडेंट ग्रेग ब्रॉकमैन ने आर्टिफिशियल जनरल इंटेलिजेंस (एजीआई) यानी इंसान जितना काबिल एआई की तरफ बड़ा कदम बताया है। अभी यह सीमित यूजर्स के लिए है। धीरे-धीरे सभी चैटजीपीटी यूजर्स के लिए उपलब्ध हो जाएगा।

नए जीपीटी-6 एस्ट्रा को लेकर कंपनी के 3 दावे

- कोडिंग, साइंस, साइबर सिक्योरिटी, कंप्यूटर चलाने में सबसे आगे
- गणित के कठिन सवालों को हल करने में मदद करता है
- इंसान जितना काबिल एआई की तरफ बड़ा कदम

...लेकिन एआई से सुरक्षा के सवाल भी उठने लगे

ओपन एआई और एंथ्रोपिक, के एआई मॉडलों पर सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं सामने आई हैं। एंथ्रोपिक के क्लॉड मॉडल टेस्टिंग के दौरान गलती से असली सिस्टम तक पहुंच गए थे। ओपनएआई के एक मॉडल भी टेस्टिंग में तय सीमा पार कर ली थी।

भास्कर नॉलेज

क्या ओपनएआई एंथ्रोपिक से आगे निकल गई?

फाइनेंशियल टाइम्स के मुताबिक, ओपनएआई का दावा है कि एस्ट्रा ने सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग, साइंस, साइबर सुरक्षा के मामले में एंथ्रोपिक को पीछे छोड़ा है। हालांकि स्वतंत्र टेस्टिंग फर्म 'आर्टिफिशियल एनालिसिस' का कहना है कि तस्वीर मिली-जुली है। कुछ मामलों में एंथ्रोपिक का हाल ही में आया मॉडल फैबल 5.1 अब भी आगे है, जबकि कोडिंग के कुछ टेस्ट में दोनों करीब-करीब बराबर हैं।

जैकेट व पेज 1 के शेष

कोलकाता: 90% दुर्गा...

बारिश की वजह से कई कलाकारों के पास अभी भी 40-50 फीसदी काम बाकी है। चाइना पाल बताती हैं कि बारिश के कारण बाहरी काम प्रभावित है, जबकि स्टूडियो के भीतर का काम जारी है। कि प्रतिमा निर्माण कई महीने पहले शुरू हो जाता है और अंतिम डेढ़ महीने में रंग-रोगन व सजावट समेत कई काम पूरे करने होते हैं।

23 संदिग्ध बांग्लादेशी...

वहां स्थानीय पुलिस अधिकारियों से संपर्क कर संदिग्धों की जानकारी साझा की गई। साथ ही सीमावर्ती इलाकों से अवैध रूप से भारत आने के रास्तों और तरीकों की जानकारी भी जुटाई गई।

पहले दो लोगों पर हो चुकी है कार्रवाई: इससे पहले तोरवा क्षेत्र में रह रहे मोहम्मद हुसैन उर्फ सुब्रती शर्मा उर्फ सागर को पकड़ा गया था। उसे 12 जुलाई 2025 को बांग्लादेश डिपोर्ट किया गया। वहीं, नाबालिग के अपहरण के मामले में गिरफ्तार हृदय कुमार शर्मा को सजा पूरी होने के बाद डिपोर्ट करने के लिए रायपुर के डिटेंशन सेंटर में रखा गया है।

फर्जी डॉक्टर बनकर...

ठग ने कहा कि उसके साथी डॉक्टर भी इसी फ्लाइट से जा रहे हैं, इसलिए इसी फ्लाइट की टिकट चाहिए। उसने एजेंट से कहा कि वह शाम 5 बजे अस्पताल में मिलेगा और टिकट लेकर आने पर वहीं भुगतान कर देगा। करीब 5 घंटे बाद शाम को फिर से ठग ने फोन कर कहा कि टिकट लेकर अस्पताल आ जाएं। उसने ऑनलाइन भुगतान नहीं कर पाने की बात कही। साथ ही अपनी व्यक्तिगत जानकारी भी दी। कुछ देर बाद फिर फोन कर जल्द आने को कहा, क्योंकि उसकी मीटिंग थी। एजेंट टिकट लेकर अस्पताल पहुंचा, लेकिन वहां उस नाम का कोई डॉक्टर नहीं मिला। ठग का फोन भी बंद था। इसके बाद पुलिस से संपर्क किया गया। पुलिस के अनुसार ठग ने नॉन-कैंसलेबल टिकट और वाइडिंग टिकट बुक कराई थी। इसमें टिकट को दूसरी फ्लाइट में शिफ्ट करने की सुविधा थी। आरोपी ने इसी सुविधा का इस्तेमाल कर टिकट दूसरी फ्लाइट में शिफ्ट कर दी और विदेश चला गया।

पंजाब में भूपेश के...

प्रदेश में अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित 29 विधानसभा सीटों को देखते हुए उनकी नियुक्ति को कांग्रेस की अहम राजनीतिक रणनीति माना जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज भी आदिवासी वर्ग से हैं। इस तरह संगठन के प्रदेश अध्यक्ष और प्रभारी, दोनों प्रमुख पद आदिवासी नेताओं के पास आ गए हैं। हालांकि, पार्टी के भीतर यह चर्चा भी है कि एक हीवर्ग को दोनों अहम पद देने से क्षेत्रीय और सामाजिक संतुलन प्रभावित हो सकता है।

खैर तस्करी के सरगना...

रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़, घरघोड़ा और तमनार क्षेत्र में ग्रामीणों को पैसे का लालच देकर पेड़ कटवाए जाते थे। लकड़ियों को ट्रैक्टर और पिकअप से गढ़उमरिया स्थित किराए के गोदाम में लाकर रखा जाता था। गोदाम में लकड़ियों की छिलाई और फिनिशिंग की जाती थी। इसके बाद बिना अधिकृत हस्ताक्षर वाले फर्जी टीपी बनाकर माल ट्रकों से हरियाणा और हिमाचल प्रदेश समेत दूसरे राज्यों में भेजा जाता था। वहां खैर की लकड़ी ऊंचे दामों पर बेची जाती थी।

भास्कर matrimony

कायस्थ

31-40 वर्ष

कायस्थ कन्या,31वर्ष/5'1'', BDS MPH, AIIMS दिल्ली में प्रोजेक्ट रिसर्च साइंटिस्ट (PKG 14.5 लाख), गुड़गांव, फरीदाबाद, गाजियाबाद और दिल्ली के आस-पास के पदस्थ को प्राथमिकता, संपर्क-9406261900

कायस्थ वर चाहिये
सक्सेना 33 वर्षीय तलाकशुदा, हाईट 5 फुट एवंम 27 वर्षीय अविवाहित हाइट 4 फुट 11 इंच शाकाहारी सुशिक्षित सगी बहनों हेतु एक ही घर के दो वर चाहिये दोनो वर म.प्र. शासन के वर्ग-तीन में कार्यरत हो एवम जिनका निजी मकान हो
सम्पर्क- 8815086036 7748822173

कोरी

21-30 वर्ष

कोरी/कोली, 5'3'', 8-01-2000, MA, TISS 20लाख वार्षिक आय। कन्या हेतु वर चाहिए। MNC/ राजपत्रित अधिकारी को प्राथमिकता। संपर्क करें- 9425946151

वर चाहिए
कोरी, 28 वर्षीय, 5'6" सुंदर गृहकार्य में दक्ष शाकाहारी, उच्च शिक्षा प्राप्त (कनाडा) कन्या हेतु उच्च शिक्षा प्राप्त सरकारी / MNC कार्यरत वर चाहिए। जाति बंधन नहीं।
संपर्क 82230 66791 89891 80200

31-40 वर्ष

कोली 39, 5', B.Com, शासकीय सेवारत, आय 35,000, रतलाम, इंदौर, उज्जैन के व्यवसायी/ शासकीय नौकरी वाले वर को प्राथमिकता। जातिबंधन नहीं। मो. 9827827348, 8770084758

क्षत्रिय

वर चाहिये
1998, 5',5" एम.एस.सी (केमिस्ट्री) क्षत्रिय मराठा परिवार की सुंदर, सुशील, सुशिक्षित कन्या हेतु म.प्र. निवासी सुशिक्षित, सुयोग्य, अच्छी जॉब प्रोफाइल एवं संपन्न परिवार का वर चाहिए (28-32 आयु)
: सम्पर्क : 8269392216 8269393954

21-30 वर्ष

29/ 5'1", Chauhan (Vatsa Gotra), Convent educated, MBA girl,Father senior IRS officer, High Income family for early marriage. Pls WhatsApp biodata 7275829933

क्षत्रिय भारद्वाज कन्या 29, MA, 5'2" शाकाहारी गृह कार्य दक्ष व्यापारिक कन्या को उच्च व्यापारी या नौकरी वाले संपर्क करें जाति बंधन नहीं मैरिज ब्यूरो क्षमा करें 7224951956

वर चाहिए
क्षत्रिय, 30 वर्षीय पद सिविल जज (म.प्र.) सुन्दर कन्या हेतु सिविल जज या समकक्ष Govt. जॉब (IAS, IPS, Defence, Asst. Professor, Doctor, CTO, Dist. Registrar, Excise SI, CMO, Work from Home Professionals सुयोग्य वर चाहिए
7980790259 9433167838

मुस्लिम

21-30 वर्ष

मुस्लिम 26/5'4'' BE/ MBA सॉफ्टवेयर इंजीनियर सभी मुस्लिम मान्य प्राईवेट ,गवर्नमेंट, बिजनेसमेन, इंजीनियर मान्य मो- 9009886998

सुन्नी मुस्लिम, 5'3'', पी.एच.डी. प्रोफेसर के लिए उच्च शिक्षित वर चाहिए। फोन 8319060785, 8871537186

अन्य

21-30 वर्ष

वर चाहिए
संस्कारी 20/24 वर्षीय अविवाहित सुंदर कन्याँए, परिवार वाले विवाह का खर्च उठाने से असमर्थ, 18 से 45 वर्ष की अन्य गरीब परिवारों की विवाह योग्य कन्याएँ, आयु/ जाति बंधन नहीं।
9904432287

वर चाहिए
28/5'6"/DPS/B. Design NID, Ahmedabad. सुन्दर सुशील कन्या गृह कार्यों में दक्ष भोपाल निवासी सम्मानित, युवा प्रथम प्रस्तुति उपन्यास लेखिका (Glistering Glissando) हेतु भोपाल निवासी प्रतिष्ठित एवं सम्पन्न परिवार से योग्य वर चाहिए।
माता- पिता डॉक्टर GMC भोपाल में प्राध्यापक हैं। (जाति बंधन नहीं)
संपर्क 94072 61775

Groom Wanted
KASHYAP (KAHAR) Beautiful Girl 30 Year, 5'4" Near Bhopal. Software Engineer working in MNC in Bangalore. Cast No Bar
9200362419 8779630658

31-40 वर्ष

आंध्रप्रदेश निवासी 32 /5'4" BSC कंप्यूटर साइंस (ग्रेजुएट), धार्मिक, भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत युवती आय 6,00,000 (सालाना) जिनका विवाह विच्छेद एक सप्ताह में गलतफहमी के कारण हुआ के लिए दक्षिण भारतीय ,भिलाई, दुर्ग, रायपुर निवासी नौकरी पेशा/ बिजनेसमैन वर चाहिए कृपया संपर्क करें 9407987706

Alliance invited from a well educated,professionally established and compatible groom for Nov 1990 born,5'-2",beautiful, Brahmin girl, Asst Prof at IIT, from a respectable and well cultured family. Contact: rakeshpht82@gmail.com

वर चाहिए
देवांगन, 32 वर्षीय, 5'4"कद, B.A., LL.M., P.G.D.C.A., PH.D अध्यनरत, तलाकशुदा (नाम मात्र का विवाह) गोत्र नन्दनेवार, नाडी अन्य कुण्डली मिलान आवश्यक, जाति बंधन नहीं (मैरिज ब्यूरो क्षमा करें)
- सम्पर्क करें - 9826199727 7697750313

41-50 वर्ष

वर चाहिए, 50/ 5'-5", गवर्नमेंट प्रोफेसर, सैलरी-98000, साथ रह सके वही संपर्क करें, जातिबंधन नहीं है, विधुर तलाकशुदा सभी मान्य.मो. 9294836383

48 वर्ष 5'4" MCOM, MBA स्टेट बैंक मैनेजर मासिक:- 1 लाख 75,000/- विडो, डिवोसी, बच्चे मान्य अतिशीघ्र संपर्क करें:- 9977474886

51 वर्ष से अधिक

यशोदा 62/5'4''/ MA, B.Ed, Govt प्रिंसिपल रिटायर्ड आय-78000/- हेतु वर चाहिए। रिटायर्ड, विवाहित, अविवाहित, विधुर, घरजमाई, तलाकशुदा, सभीमान्य- 8342811078, 7873414341

वर चाहिए, 52/ 5'-4", गवर्नमेंट जॉब, सैलरी-92000, साथ रह सके वही संपर्क करें, जातिबंधन नहीं है,विधुर तलाकशुदा सभी मान्य.मो. 8827462843

54/5'4''/ MA./Bed., Govt. सिचाई विभाग क्लर्क, मासिक 55,000/- वर चाहिए, अविवाहित, रिटायर्ड, तलाकशुदा, घरजमाई, हिन्दू-मुस्लिम मान्य- 07571946641, 06391072948, 9198099834

राजपूत

31-40 वर्ष

(Tanwar) Rajput Girl, DOB-27/10/1994, 4:25 PM, Indore, 5'5", Non Manglik, B.Tech, M.Tech, Working in Indore @ Family, Looking For Suitable Match (Mother) Contact 9926904135

जानकी 62/5"4''/ M.A, Ph.D/ गवर्नमेंट कॉलेज रिटायर्ड प्रोफेसर/ पेंशन- 95,000/- वर चाहिए तलाकशुदा, विधुर/ घर जमाई/ रिटायर्ड, कारोबारी मान्य 7247221947, 8269228027

वैश्य

31-40 वर्ष

Groom Wanted
Doctor BAMS AYURVED (PGDEMS) from Symbiosis University Pune Allopathy 5'2", Manglik 31 yers, vegetarian family, beautiful and cultural, Job in private hospital wants a suitable match
Marriage Bureau excuse
CONTACT 7987472552 7723897375

मैरिज ब्यूरो

Marriage Bureau

फोन कीजिये। रिश्ते पाईये। रजिस्ट्रेशन "फ्री" www.neelimamarriage.com, Whatsapp अजमेर- 9928640422, इन्दौर- 9644384046, जयपुर- 8769530667

रिश्ते ही रिश्ते
अब करिए अपने रिश्तों की तलाश
पूरी छत्तीसगढ़ की नंबर वन मैट्रिमोनी (साथी मैरिज) के साथ हमारे यहाँ सभी प्रकार के रिश्ते बताये जाते है और हर सप्ताह ज़ूम मीटिंग एवं सम्मेलन कराये जाते है हमारा यह प्रयास है की आप सभी को अपना सही साथी मिले
आज ही संपर्क करे
9039424698 9300067291

Elite Marriage Consultancy Firm
Since 1999 A2A MATRIMONY बनायेंरिश्ते
Have You Found Your Perfect Match, Yet? Let's connect you to your special someone.
MEET THE TEAM
Harshita Sharma: 9137339671 (Sr.Consultant for High Elite Business Families)
Pooja Singh: 70786 03489 (Exclusive Business Families & All Community Sector)
Chetna: 84339 07732 (Billionaire International Clients)
Akansha: 91375 06249 (Elite Profesional, Business Families & Divorce)
Alpa Modi: 84339 07734 (Gujrati, Punjabi & Elite Business Families)
Sapna: 77383 61534 (Doctor, IAS, IT, & Exceptional Professional Families)
AGARWAL • MAHESHWARI • JAIN • GUJRATI • PUNJABI & ALL HINDU ELITE FAMILIES
126, 1st Floor Ijmima Complex, Malad West, Mumbai- 400064
Counselor & Consultant: Ashvin Choudhari +91 9769691116
www.a2amatrimonial.com

दैनिक भास्कर समूह की पहल
भास्कर में वैवाहिक विज्ञापन में बेटियों के रंग से जुड़े विवरण (गोरी, गेहुंआ, फेयर आदि) प्रकाशित नहीं होते हैं। क्योंकि हर बेटी का विशिष्ट व्यक्तित्व और योग्यता होती है, वही उसकी सबसे सशक्त पहचान है।

ई-नीलामी सूचना

ऋण वसूली अधिकरण, भारत सरकार,
वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवायें विभाग (बैंकिंग प्रभाग)
द्वितीय एवं तृतीय तल, संचार विकास भवन (बीएसएनएल बिल्डिंग), रेजीडेंसी रोड, हेड पोस्ट ऑफिस के पास, साउथ सिविल लाइन, जबलपुर-(मप्र) 482001

प्रकरण संख्या: RC 2/2025 / ओ.ए. संख्या 124/2024

ई-नीलामी संख्या 183/2026

IDBI BANK LIMITED fo- SHRI TIKARAM SAHU एवं अन्य में पारित वसूली प्रमाणपत्र क्रमांक RC No. RC 2/2025/ O.A. No.124/2024 में जारी राशि की वसूली हेतु प्रमाण पत्र Rs. 39,61,196.15 (Rupees Thirty Nine Lakh Sixty One Thousand One Hundred Ninety Six and Fifteen Paise only) तथा उस पर 10.00 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से के सी सी खाते के लिए एवं 7.00 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से एफ आई टी एल खाते के लिए दिनांक 25.01.2022 से ब्याज एवं वसूली हेतु निम्नलिखित संपत्ति ऑनलाइन ई-नीलामी प्रक्रिया के तहत वेबसाइट https://baanknet.com के माध्यम से की जायेगी।

ई- नीलामी की तिथि एवं समय- 14/10/2026 दोपहर 12.00 से 01.00 बजे तक

संपत्ति की अनुसूची

क्र. सं.	विक्रय हेतु प्रस्तावित संपत्ति का विवरण	आरक्षित / न्यूनतम मूल्य	ई.एम.डी. राशि
1.	Agriculture Land Survey No.-79 area 1.29 hect.; 87/3 area 0.27 hect; 88/3 area 0.17 hect.; 807 area 0.35 hect., total 2.08 hectare, situated at Village-Khapri, Tehsil- Dhamdha, P.H. No.-10 (As per valuation P.H. No. 13), District-Durg (C.G) property in the name of Shri Tikaram Sahu S/o Shri Chintram Sahu.	Rs. 40,50,000.00 (Rupees Forty Lakh Fifty Thousand only)	Rs. 4,05,000.00 (Rupees Four Lakh Five Thousand only)

विक्रय की शर्तें एवं नियम

1. विक्रय की सभी शर्तें ऋणों की वसूली एवं दिवालियापन अधिनियम 1993 के प्रावधानों तथा आयकर अधिनियम, 1961 की द्वितीय एवं तृतीय अनुसूचियों, आयकर (प्रमाणपत्र कार्यवाही) नियम, 1962 के साथ पठित प्रावधानों द्वारा शासित होंगी तथा समय-समय पर यथा संशोधित सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के प्रावधानों से भी निर्देशित होंगी। 2. इच्छुक बोलीदाता निम्न सेवा प्रदाता से ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।

नीलामी एजेंसी	Bank Asset Auction Network (BAANKNET)
हेल्पलाइन नं.	+91-82912 20220
हेल्पलाइन ईमेल	support.baanknet@psballiance.com
बैंक अधिकारी	Sushree Sarita Tripathy, AGM, Mob. No. 81108 48515
संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	30-09-2026 दोपहर 12:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक

3. इच्छुक बोलीदाता बोली प्रपत्र विस्तृत विवरण एवं विक्रय की शर्तों हेतु वेबसाइट https://baanknet.com का अवलोकन करें। 4. बोलियाँ (bids) केवल ऑनलाइन माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत की जाएँगी। प्रत्येक बोली के साथ पैन कार्ड की प्रति, पते का प्रमाण, पहचान-पत्र, ई-मेल आईडी तथा मोबाइल नंबर की प्रतिलिपि संलग्न करना अनिवार्य होगा। कंपनी के मामले में, कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा पारित बोर्ड प्रस्ताव (Board Resolution) की प्रमाणित प्रति अथवा कंपनी की ओर से प्रतिनिधित्व / अधिकार-पत्र (Power of Attorney / Authorization) को प्रमाणित करने वाला कोई अन्य वैध दस्तावेज बोली प्रपत्र के साथ संलग्न किया जाएगा। बोलीदाता संपत्ति के विवरण, क्षेत्रफल / माप, प्रभारों (Encumbrances), दायित्वों तथा अन्य संबंधित तथ्यों की शुद्धता एवं सत्यता के संबंध में स्वयं अपने स्तर पर संबंधित सरकारी कार्यालयों अथवा अन्य सक्षम स्रोतों से जांच-पड़ताल कर पूर्णतः संतुष्ट हो लें। इस संबंध में भविष्य में उत्पन्न होने वाली किसी भी त्रुटि,विसंगति, कमी अथवा विवाद के लिए ऋण वसूली अधिकरण (DRT) उत्तरदायी नहीं होगा। 5. आरक्षित मूल्य का 10% अर्थात् रु. Rs. 4,05,000.00 (Rupees Four Lakh Five Thousand only) ईएमडी के रूप में BAANKNET वॉलेट में जमा करना होगा तथा उसका विवरण बोली प्रपत्र में अंकित करना होगा। 6. ऑनलाइन बोली दिनांक 12-10-2026 को सायं 5:00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकेगी। 7. ऑनलाइन प्रस्तुत बोली प्रपत्र एवं संलग्नकों की प्रति वसूली अधिकारी, डीआरटी, जबलपुर, द्वितीय एवं तृतीय तल, संचार विकास भवन (बीएसएनएल भवन), रेजीडेंसी रोड, मुख्य डाकघर के निकट, दक्षिण सिविल लाइन्स, जबलपुर को यथा शीघ्र प्रेषित की जाएगी। 8. ऑनलाइन बोली प्रक्रिया प्राप्त उच्चतम बोली से प्रारंभ होगी तथा प्रत्येक अगली बोली में न्यूनतम वृद्धि रु. Rs. 41,000.00 (Rupees Forty One Thousand only). होगी। नीलामी समाप्ति से पूर्व कोई बोली प्राप्त होने पर प्रणाली द्वारा नीलामी समय स्वतः 5 मिनट के लिए बढ़ा दिया जाएगा। 9. असफल बोलीदाताओं की ईएमडी उसी खाते में वापस की जाएगी जिससे भुगतान किया गया था। इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा। ईएमडी जमा करने के पश्चात बोलीदाता उसे वापस नहीं ले सकेगा अन्यथा राशि जब्त कर ली जाएगी। 10. स्थावर संपत्ति के मामले में सफल उच्चतम बोलीदाता को घोषणा के अगले दिन अपनी बोली स्वीकृत होने पर, बोली राशि का 25% (ईएमडी घटाकर) INDIAN BANK, CIVIL LINES BRANCH, JABALPUR. में वसूली अधिकारी, ई-नीलामी खाता, डीआरटी जबलपुर, चालू खाता संख्या 7890303849, आईएफएससी कोड IDIB000C627 में RTGS/NEFT द्वारा जमा करना होगा। चूक होने पर संपत्ति पुनः विक्रय हेतु प्रस्तुत की जाएगी तथा ईएमडी जब्त कर ली जाएगी। 11. सफल बोलीदाता को शेष 75% राशि तथा विक्रय राशि का 1% पाउंडेज शुल्क एवं प्रत्येक संपत्ति पर अतिरिक्त रु.10/- नीलामी की तिथि से 15 दिनों के भीतर, क्रम संख्या 10 में उल्लिखित चालू खाता संख्या 7890303849 में आरटीजीएस (RTGS) / एनईएफटी (NEFT) / मनी ट्रांसफर के माध्यम से जमा करना होगा। यदि पंद्रहवाँ दिन रविवार अथवा अन्य अवकाश का दिन हो, तो भुगतान उसके पश्चात् आने वाले प्रथम कार्य दिवस पर किया जा सकेगा। निर्धारित अवधि के भीतर भुगतान न किए जाने की स्थिति में संपत्ति के विक्रय हेतु नवीन विक्रय उद्घोषणा (Fresh Proclamation of Sale) जारी कर पुनः नीलामी की जाएगी। ऐसी स्थिति में जमा की गई राशि सरकार के पक्ष में जब्त (Forfeited) कर ली जाएगी तथा चूक करने वाला क्रेता (Defaulting Purchaser) उक्त संपत्ति अथवा उसके पुनर्विक्रय से प्राप्त किसी भी राशि पर अपना समस्त दावा एवं अधिकार खो देगा। 12. संपत्ति का विक्रय "जैसी है जहाँ है तथा बिना किसी शिकायत के आधार पर (As is Where is and No Complaint Basis) किया जाएगा। 13. संपत्ति का विक्रय आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं किया जाएगा। 14. वसूली अधिकारी को बिना कारण बताए किसी भी बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने अथवा विक्रय स्थगित / निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा। 15. इच्छुक बोलीदाता बैंक के पास उपलब्ध स्वामित्व अभिलेखों का अवलोकन करें तथा संपत्ति की पहचान,विवरण एवं भार आदि की स्वयं जांच करें। इसकी शुद्धता के लिए डीआरटी उत्तरदायी नहीं होगा। 16. बोलीदाता अपनी इच्छानुसार किसी भी स्थान से ई-नीलामी में भाग ले सकते हैं। इंटरनेट कनेक्टिविटी सुनिश्चित करना उनकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी। इंटरनेट, नेटवर्क, सिस्टम क्रैश या विद्युत व्यवधान केलिए डीआरटी / बैंक/ सेवा प्रदाता उत्तरदायी नहीं होंगे। 17. उच्चतम बोली अनुमोदन के अधीन अस्थायी रूप से स्वीकार की जाएगी। विक्रय की पुष्टि होने तक बोलीदाता को संपत्ति पर कोई अधिकार या स्वामित्व प्राप्त नहीं होगा। 18. विक्रय पर लागू स्टाम्प शुल्क, पंजीयन शुल्क एवं अन्य वैधानिक शुल्क सफल क्रेता द्वारा वहन किए जाएंगे। 19. विक्रय प्रमाणपत्र केवल उन्हीं व्यक्ति/व्यक्तियों के नाम जारी किया जाएगा जिनके नाम बोली प्रपत्र में उल्लिखित हैं। 20. विक्रय प्रमाणपत्र में बोली प्रपत्र में उल्लिखित नामों के अतिरिक्त किसी अन्य नाम को जोड़ने या प्रतिस्थापित करने का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा 21. बोलीदाता अपने यूजर आईडी, पासवर्ड एवं अन्य गोपनीय जानकारी किसी को भी प्रकट न करें 22. बोलीदाताओं को समय विलंब, अधिक ट्रैफिक, सिस्टम / विद्युत विफलता जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। अतः अंतिम समय तक प्रतीक्षा न करने की सलाह दी जाती है। 23. ई-नीलामी सेवा प्रदाता, बैंक के अधिकारी, उनके प्रतिनिधि, कर्मचारी एवं एजेंट ई-नीलामी में भाग लेने वाले बोलीदाताओं के विवरणों की पूर्ण गोपनीयता बनाए रखेंगे।

स्थान- जबलपुर,
दिनांक- 17/08/2026

(नीलेश कुमार अवधिया)
वसूली अधिकारी II